## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री लोकसभा क्लस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय मोहगांव में कार्यकर्ता सम्मेलन में होंगे शामिल

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री लोकसभा चुनाव के क्लस्टर प्रभारी श्री कैलाश विजयवर्गीय 8 अप्रैल को निवास विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से निवास विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन मोहगांव मण्डल में 11.30 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, विधानसभा प्रभारी महेश विश्वकर्मा, संतोष रजक,पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते सहित विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष जनप्रतिनिधि एवं विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### निजी नलकूप खनन प्रतिबंधित

**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा 31 जुलाई 2024 तक निजी तथा अशासकीय नलकूप खनन प्रतिबंधित कर दिया गया है। जारी आदेश में मण्डला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ. आई. आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। आदेश में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

**ठंडी हवाओं से खुशनुमा हुआ मौसम**

# दिनभर छाए रहे बादल, हुई बारिश

*** तापमान में हो रहा उतार चढ़ाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है, लेकिन जल्द ही यह सुहाना मौसम का दौर खत्म हो जाएगा और जिले में गर्मी अपनी दस्तक देगी। मौसम विभाग की माने तो पांच से छह दिन मौसम के मिजाज ऐसे ही रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों के बाद से मौसम में परिवर्तन शुरू हो जाएगा और गर्मी अपने तेवर फिर दिखाना शुरू कर देगी।

ज्ञात हो कि विगत दिवस जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले भी गिरे है, वहीं रिमझिम बारिश के साथ तेज बारिश भी जिले के कई क्षेत्रों में हुई है। गर्मी की शुरूआत होते ही सूर्य की प्रचंड किरणों से गर्मी का एहसास शुरू हो गया था, लेकिन अचानक पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण फिलहाल गर्मी से राहत मिली है। अचानक मौसम परिवर्तन के कारण रोजाना जिले में कहीं ना कहीं बूंदाबांदी और रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है, जो आगामी पांच दिनों तक चलने की संभावना जताई है। मौसम में अचानक बदलाव के चलते अधिकतम तापमान में सीधे 9.2 डिग्री नीचे उतर गया। जिसके कारण लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

### 12 अप्रैल तक ऐसा ही रहेगा मौसम

रविवार को अचानक मौसम के मिजाजे बदले और जिले में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गई। ठंडी हवाओं के साथ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रिमझिम बारिश का दौर देर शाम तक चलता रहा। जिसके चलते जिले का अधितकम तापमान नीचे उतर गया और अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री पहुंच गया। अधिकतम तापमान विगत दो दिनों में करीब 9.2 डिग्री लुढ़क गया। वहीं न्यूनतम तापमान में मामूली बदलाव हुआ है। मौसम वैज्ञानिक सुमित परौहा ने बताया कि आगामी 12 अप्रैल तक मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है।



### तापमान में हो रहा उतार, चढ़ाव

मौसम वैज्ञानिक सुमित परौहा ने बताया कि मौसम के बदलते तेवर से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। संभावतः चार-पांच दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने की संभावना है। वर्तमान में पश्चिम विक्षोभ, उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में मध्योपरी क्षोभमंडल की पछुआ हवों के बीच एक ट्रफ लाईन के साथ 73 डिग्री पूर्व देशांतर के सहारे 28 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में अवस्थित है। इसके साथ ही माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक उड़ीसा से लेकर छत्तीसगढ़, विदर्भ, कर्नाटक और मराठावाड़ा होते हुए उत्तरी तमिलनाडु तक हवाओं में असत्तता व्याप्त है । इसके साथ ही एक अन्य चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण पूर्वी राजस्थान के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी ऊंचाई तक सक्रिय है। जिसके कारण मौसम में नमी बनी हुई है। आगामी 10 और 13 अप्रैल से दो नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है। बता दे कि जहां 05 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री था, दो दिन में तापमान 9.2 डिग्री लुढ़क गया। 07 अप्रैल को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वर्ष 2024

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 39.0 | 20.0 |
| 02 अप्रैल | 40.0 | 17.5 |
| 03 अप्रैल | 40.6 | 19.0 |
| 04 अप्रैल | 40.6 | 19.0 |
| 05 अप्रैल | 39.8 | 18.8 |
| 06 अप्रैल | 39.4 | 19.5 |
| 07 अप्रैल | 30.2 | 19.8 |

# पुलिस व डायल 100 को झूठी सूचना देने वाला गया जेल



*** जंगल में फांसी पर लटके होने की बार-बार दे रहा था सूचना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के थाना खटिया के टाटरी चौकी में एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को बार बार झूठी खबर देकर गुमराह करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी सूरज उर्फ किंचू तिलगाम ने टाटरी चौकी और डायल 100 को फोन कर अज्ञात व्यक्ति के जंगल में फांसी पर लटके होने की सूचना दी।

जानकारी अनुसार शुक्रवार रात्रि करीब 09 बजे खटिया थाना अंतर्गत ग्राम सौफ रैयत के जंगल में एक व्यक्ति की लाश पेड़ से लटके होने की सूचना डायल 100 के माध्यम से पुलिस को मिली थी। डायल 100 से प्राप्त सूचना की जब पुलिस द्वारा तस्दीक की गई तो सूचना झूठी निकली। इसके बाद पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया कि कामता निवासी सूरज उर्फ किंचू तिलगाम निवासी ग्राम सौफ रैयत ने शुक्रवार रात्रि लगभग 9 बजे अपने मोबाईल से डायल 100 में फोन कर सूचना दी कि एक व्यक्ति की लाश सौफ के जंगल में पेड़ से लटकी हुई है। पुलिस चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर ने जब घटना की तस्दीक की तो सूचनाकर्ता सूरज ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस द्वारा मौके पर जाकर घटना के संबंध में ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो ग्रामीणों ने ऐसी कोई जानकारी होने से इंकार किया।

ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा सौंफ के जंगल की सर्चिंग भी की गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि शनिवार को साइबर सेल की मदद से डायल 100 पर फोन करने वाले व्यक्ति की लोकेशन ट्रेस की गई और उससे पूछताछ की गई, जिस पर उसने झूठी जानकारी देना स्वीकार किया। पुलिस को झूठी जानकारी देने के आरोपी सूरज उर्फ किंचू तिलगाम को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# टिकरिया पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, धरपकड़ जारी

*** खबर का असर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

थाना टिकरिया पुलिस द्वारा लगातार अखबारों में आ रहे समाचारों को देखते हुए अवैध जुआ-सट्टा पर ठोस कार्यवाही किए जाने की दिशा में कार्यवाही करते हुए दो स्थानों पर अवैध सट्टे की कार्यवाही की गई।

पहली कार्यवाही सब्जी मंडी नारायणगंज के पास दो आरोपी गगन सिंह ठाकुर, अरुण सोनी के द्वारा सट्टा-पट्टी पर अवैध सट्टा खिलाया जा रहा था पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों से 1240 रुपए, सट्टा पट्टी एवं 10000/- रूपए कीमत का मोबाइल जप्त किया, दूसरी कार्यवाही चांदनी चौक नारायणगंज के पास की गई जिसमें दो आरोपी ऋतिक चक्रवर्ती, आनंद अग्रवाल के द्वारा सट्टा खिलाए जाने पर 1800 रुपए, सट्टा-पट्टी एवं 8000/-रूपये कीमत का मोबाइल आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया।




उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी टिकरिया निरी. शिवराम जमरा,उ.नि. शशांक शुक्ला, प्र.आर. 254 शिवकुमार मरावी, आर. 638 दीपक द्विवेदी, आर.112 प्रशांत के द्वारा सराहनीय कार्यवाही की गई। अब देखना होगा कि यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी या सिर्फ अखबारों में आ रहे समाचारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क हुआ है।

# रक्तदान कर मनाई माँ कर्मा देवी जयंती

*** जयंती अवसर पर हुए विविध आयोजन, धूमधाम से मनाई माँ कर्मा देवी की जयंती।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां कर्मा देवी की जयंती का आयोजन किया गया। जयंती अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम दादी की बगिया में आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके रही। कार्यक्रम के लिए तैयारी समाज के लोगों द्वारा भव्य रूप से की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय विविध आयोजन किये गए। बता दे कि जयंती अवसर पर समाज के लोगों ने रक्तदान भी किया।

महिला मंडल सचिव श्रीमती प्रीति साहू ने बताया कि माँ कर्मा देवी जयंती अवसर पर दो दिवसीय विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम की शुरूआत 04 अप्रैल को की गई। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, कलश प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, फूड स्टाल लगाए गए। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रथम दिन के कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन विशाल वाहन रैली प्रातः 9 बजे से निकली गई। वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गो में भ्रमण किया गया। रैली के समापन के बाद मां कर्मा जी की आरती एवं पूजन किया गया।

ज्ञात हो कि जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं उदबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृती कार्यक्रम, नृत्य, गायन समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान रक्तदान, प्रसाद वितरण एवं भजन का आयोजन भी किया गया। जिला साहू समाज अध्यक्ष श्री हरि साहू, जिला साहू समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती भावना साहू, जिला साहू समाज युवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक साहू, महिला मंडल सचिव श्रीमती प्रीति साहू समेत साहू समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्यों ने कार्यक्रम के सफलता के लिए आभार व्यक्त किया।



### 16 यूनिट किया रक्तदान

बताया गया कि माँ कर्मा देवी जयंती के अवसर पर साहू समाज के लोगों ने जयंती अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर माँ कर्मा देवी की जयंती मनाई। इसी के अंतर्गत समाज की महिला और पुरूषों ने रक्तदान भी किया। जिससे जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध हो सके। समाज के द्वारा किये गए रक्तदान में हनुमंत साहू, सुनील साहू, किशोर साहू, अनीता साहू, स्नेहा साहू, समीर कुमार साहू, विलास साहू, संतोष साहू, लक्ष्मी देवी गुप्ता, आदित्य साहू, विकास साहू, पूनम साहू, भावना साहू, जयश्री साहू, ज्योति साहू, अरूण साहू ने रक्तदान किया।

**प्राण-प्रतिष्ठा** | **भव्य तैयारी नौ दिवसीय विष्णु पुराण का होगा भव्य आयोजन।**

# राम नवमीं में होगी श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

*** श्रीराम दरबार के साथ अन्य मूर्तियां भी होगी स्थापित।**

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/



जिला मुख्यालय के नजदीक राजीव कालोनी झंडा चौक में श्री हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की भव्य तैयारी की जा रही है। विगत कई दिनों से यहां बने श्री हनुमान मंदिर को भव्य रूप देने का कार्य किया जा रहा है। जिसका कार्य संपूर्ण हो चुका है। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति झंडा चौक मंडला द्वारा मंदिर की साज सजावट करा ली है। मंदिर के चारो तरफ का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए समिति द्वारा पूरी तैयारी की जा चुकी है। श्रीराम दरबार के साथ श्री गणेश, श्रीलक्ष्मी नारायण, राधा कृष्ण, श्री हनुमान, काल भैरव भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

जानकारी अनुसार राजीव कालोनी झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री विष्णु पुराण का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी भक्तों और सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति झंडा चौक द्वारा की जा रही है। आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में आयोजित नौ दिवसीय विष्णु पुराण में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। विष्णु पुराण का वाचन कथा वाचक उमा तिवारी देवी द्वारा किया जाएगा। रामनवमी के दिन श्रीराम दरबार के साथ सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसके बाद विशाल भंडारें का आयोजन किया जाएगा। 18 अप्रैल को ज्वारे का विसर्जन किया जाएगा।

### भगवान को प्रतिदिन कराया जाएगा अधिवास

समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं विष्णु पुराण का प्रारंभ 08 अप्रैल से किया जाएगा। आयोजन की शुरूआत शोभा यात्रा से की जाएगी। इसके बाद प्रतिदिन 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मंडलों की पूजा की जाएगी। 09 अप्रैल से ही मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के पहले प्रतिमाओं का प्रतिदिन अलग-अलग अधिवास कराया जाएगा। जिसमें 09 अप्रैल को अन्नाधिवास, 10 अप्रैल को जलाधिवास, 11 अप्रैल को दुग्धाधिवास, 12 अप्रैल को धृताधिवास, 13 अप्रैल को पुष्पाधिवास, 14 अप्रैल को फलधिवास, 15 अप्रैल को शैयाधिवास कराया जाएगा। इसके बाद रामनवमी 17 अप्रैल को देवताओं के आव्हान के साथ श्रीराम दरबार और सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

### नौदिवसीय विष्णु पुराण का आयोजन

सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति झंडा चौक द्वारा आयोजित श्रीराम दरबार और विष्णु पुराण का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। नौ दिवसीय विष्णु पुराण में विभिन्न प्रसंगों का वाचन कथा वाचक उमा तिवारी देवी द्वारा किया जाएगा। पुराण के विभिन्न प्रसंगों के दौरान ब्रहोत्सव, महालक्ष्मी उत्सव, भगवान विष्णु अवतर दर्शन, छप्पन भोग समेत भगवान विष्णु के अन्य रूपों का वर्णन नौदिवसीय विष्णु पुराण में किया जाएगा।

### भव्यता से किया प्रभु का स्वागत

ज्ञात हो कि 08 अप्रैल से धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत होनी है। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। प्रभु के आगमन को लेकर भक्त काफी उत्साहित थे। जिनका इंतजार शनिवार की शाम खत्म हो गया। शनिवार रात्रि करीब 08 बजे समिति के सदस्य श्रीराम दरबार के साथ अन्य भगवान की प्रतिमाओं को लेकर श्री हनुमान मंदिर झंडा चौक पहुंचे। जहां क्षेत्र के लोगों ने भगवान का उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। प्रभु के स्वागत के लिए क्षेत्र के मार्ग को पानी से धोया गया और आरती, कलश और बैंड, बाजें के साथ श्रीराम दरबार का भव्य स्वागत किया गया।



## खबर संक्षेप

### सडूमर में बनाई गई कर्मा जयंती



**सडूमर।** साहू समाज की आराध्य माँ कर्माजी की जयंती बीते हुये दिवस ग्राम सडूमर में साहू समाज द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। बताया जाता है कि इस मौके पर विशेष पूजन अर्चन करते हुये अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। वही ग्राम के पंडित जी सत्य नारायण भटेले द्वारा माँ कर्मा जी को खिचड़ी को भोग लगाते हुये प्रसादी वितरण की गई। वही दूसरी ओर साहू समाज के लोगों द्वारा अपने अपने घरों में भी माँ कर्माजी का विशेष पूजन किया गया तो दूसरी ओर महिलाओं ने अपनी आराध्य देवी माँ कर्माजी के पूजन के लिये पहले से ही तैयारियाँ करते हुये घरों के सामने विशेष प्रकार के चौक व रंगोली सजाते हुये उनको याद किया गया।

### शिविर में 122 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार



**गाडरवारा।** श्री सत्य साई भजन मंडली कान्हरगाव के साई युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये। माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन हर माह के पहले रविबार को होता है।जिसमे इस रविबार 56 वें मेडीकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर में 2 शहरों एंव 19 गावों के लगभग 122 मरीजों ने अपना उपचार करवाया। वही साई युवाओं द्वारा निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप पालिथिन मुक्त रहां, सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी। मेडीकल कैम्प में डॉक्टर संजय मोदी, डा,अरूण दोहरे, डॉ शिप्रा कौरव, डॉ,मनीष महोबिया, डॉ,अनामिका जैन, सहयोगी, राहुल गोस्वामी, क्रष्णा श्रीवास्तव, बबलू भाई दबाईबाले, कमलेश सोनी जन स्वास्थ्य रक्षक, शेलेन्द्र परिहार, सहित भजन मंडली कान्हरगांव के साई युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान की गई। वही मेडीकल कैम्प में उदयपुरा, पिपरिया, नरसिहपुर के आलवा बारहाबड़ा, दहलबाड़ा, बोदरी, घूरपुर, रायपुर, कजरोटा, गोटीटोरिया, पलोहा, बनबारी, कोटरी, सालेचौका, सिंगपुर, ढाना, पुआरिया, थलबाड़ा, महगवां कलां, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।

### हनुमान जयंती की तैयारियों में महिला शक्ति भी हो रही अग्रसर

**गाडरवारा।** हर वर्ष देखा जाता है कि गाडरवारा शहर में हनुमान जयंती के मौके पर जहां भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है तो दूसरी ओर हनुमान मंदिरों में विशेष भजन कीर्तन सहित अन्य प्रकार के आयोजन होते है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाने के लिये जोर शोर से तैयारिया चल रही है। वही दूसरी ओर इस वर्ष महिला शक्ति भी इस आयोजन को लेकर तैयारियों में जुटी हुई देखी जा रही है जिसके चलते बैठक का आयोजन किया गया। भारतीय युवा दल कार्यालय में नगर के ऐतिहासिक आयोजन हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने शामिल होकर शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार से सहयोग का भरोसा दिलाया गया जिसमे बहनों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन करना, मलखम प्रदर्शन, लेजम प्रदर्शन सहित विभिन्न झाकियों को लेकर बात रखी गई । वही शोभायात्रा के पूर्व बहनों द्वारा वाहन रैली के आयोजन की सहमति बनाई गई । भारतीय युवा दल ने छेत्र की सभी मातृशक्ति बहनों को अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित होकर सनातन संस्कृति से जुड़ने की अपेक्षा जताई गई है।

## खैरी तिरहा से पलोहा तक बनी सड़क की सच्चाई क्यों दिखाई दे रही है स्थापित बोर्ड के विपरीत

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क रोड़ गड्ढों में तब्दील









**निश्चित तौर से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये पक्की सड़को का निर्माण करा रही है।**

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

मगर गांव गांव बनाये जाने वाले इन मार्गो की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी व क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि करोड़ो रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क पांच वर्ष का कार्यकाल करने की बात तो दूर अपना एक जन्म दिन तक नही मनाते हुये नजर नही आ रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तेंदूखेडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी तिरहा से पलोहा के बीच लगभग 4.50 किलो मीटर लम्बाई की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस सड़क का निर्माण शायद चंद वर्ष पहले ही हुआ था। वही मौके पर पर स्थापित किये गये वोर्ड के अनुसार मार्ग निर्माण की लगत जहां 77.64 लाख बताई जा रही है? वही निर्माण पैकिज क्रमांक एमपी 2जी 07 के तहत मैसर्स चौहान कंस्ट्रक्शन उदयपुरा द्वारा निर्माण कार्य किये जाने की खबर है। वही इस रोड के संधारण की अवधि 15 मई 2023 से शुरू होकर 14 मई 2028 तक का बताया जाता है। वही इस सड़क में पुलियों की संख्या का कोई उल्लेख ही नही है। वही मौके पर लगे हुये वोर्ड में दर्ज इस सड़क का कार्य होने की तिथि जिस तरह से 15 मई 2023 दर्ज है तो उस तिथि के अनुसार तो शायद इस सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है और रख रख रखाब की तिथि 14 मई 2028 है तक की बताई जाती है। वही पांच वर्ष के रखरखाव में एजेन्सी को 10.97 रूपया की लागत लगानी होना बताया जाता है? इस तरह हाल में निर्मित हुई रोड़ की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां मौके पर सड़क ही नजर नही आ रह है। कहने के लिये तो यह डामरीकृत सड़क का निर्माण हुआ है? मगर यहां पर डामर युक्त सड़क खोजो तो जाने की स्थिति देखने मिल रही है..? वही संपूर्ण सड़क में जगह जगह बने हुये गडडों के बीच वाहन चलाना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। इस तरह मौके पर स्थापित वोर्ड के अनुसार तो इस सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है? तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य को अभी चंद महिने ही गुजरे है? तो फिर क्या यह सड़क निर्माण के चंद माह उपरांत ही सड़क के परखच्चे उड़ गये है? या फिर आम लोगों को गुमराह करने के लिये निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा मात्र वोर्ड स्थापित करते हुये कागजो में ही निर्माण कर डाला है? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी व क्षेत्र के जिम्मेदार ही जाने? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब कोई शासकीय निर्माण होता है तो उसकी देख रेख के लिये शासन द्वारा निर्धारित किये गये जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निगरानी की जाती है। वही उस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सड़क निर्माण के बाद अपनी संतुष्टि प्रदान की जाती है तब ही उस निर्माण कार्य को पूर्ण माना जाता है। मगर मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार यह हाल ही में निर्मित हुई सड़क की जो सच्चाई देखी जा रही है वह अपनी गुणवत्ता उजागर करने के साथ साथ उन अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर ही छोड़ रही है जिनकी देखरेख में यह निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है? इस तरह गफलतबाजी की भेंट चढ़ी हुई इस सड़क के निर्माण कार्य की जांच निष्ठा के साथ होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? क्योंकि मौके पर स्थापित वोर्डो से इस सड़क के निर्माण की सच्चाई सामने आने से नही चूक रही है। क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो अभी इस सड़क रख रखाब का पहला साल शुरू ही हुआ हैं और मौके से जिस तरह सड़क गायब नजर आ रही उसे देखते हुये तो यह जान पड़ रहा है कि मानों सड़क का निर्माण मात्र कागजों पर ही पूर्ण हुआ है या फिर सड़क चोरी हो गई जिसके चलते सड़क नजर नही आ रही है।

## किसान के खेत में खड़ा हुई दो एकड़ का गन्ना जलकर हुआ खाक

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा अपने बिलों की बसूली के साथ यदि किसी किसान व उपभोक्ता अपने बिलों की राशि जमा करने की निर्धारित तिथि को चूक जाता है तो उसके ऊपर आर्थिक दंड के साथ बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा जिस तरह अपने विद्युत लाईनों के रख रखाब में उदासीनता बरती जा रही है उसका खमियाजा अन्नदाता किसानों को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है? कहने के लिये तो बिजली विभाग द्वारा अपने लाईनों के रख रखाब को लेकर आये दिन बिजली बंद करते हुये सुधार कार्य करने की बात कही जाती है। मगर इसके बाद भी सुधार कार्य के संतोष जनक परिणाम कही देखने मिल रहे हो..? स्थिति यह बनी हुई है कि वर्षो पुरानी बिजली लाईनों के भरोसों किसानों को सिंचाई के लिये की जाने वाली विद्युत सप्लाई के तार जहां किसानों के खेतों में झूला की तरह झूलते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर इस तरह झूला झूलते हुये तारों के बीच से जरा सी हवा चलने के बाद चिंगारी निकलने से किसानों के खेतों में खड़ी रहने वाली फसल जलकर खाक होने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम छोटी बाबई में उस समय देखने मिली जब डीपी की लाईन से निकली एक चिंगारी के चलते उसी ग्राम निवासी मोती लाल/अमीरचंद पटैल के खेत में खड़ी हुई 2 एकड़ गन्ना फसल में डीपी लाईन से निकली चिंगारी के चलते आग लगने के कारण जहां गन्ना की फसल जलकर खाक हो गई। वही आग बुझाने के लिये पहले सालीचौका फायर विग्रेड को सूचना दी गई मगर वह पर फायर विग्रेड खराब होने के चलते गाडरवारा नगर पालिका से भेजी गई फायर बिग्रेड के माध्यम से आग पर काबू पाने में सफलता पाई गई। मगर इसके बाद भी एक अन्नदाता किसान को लाखों की क्षति का सामना करन के लिये मजबूर होना पड़ा है।



## किसानों द्वारा खेतों में नरबाई जलाने को लेकर पडौसी जिलों में प्रशासन सख्त मगर हमारे जिले में अनदेखी बन रही परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।





विकास की ओर अग्रसर हो रहे हमारे देश में देखा जा रहा है कि हर कार्य भौतिकवादी तरीकें से होने के कारण जहां कार्यो में सुविधाये तो मिल रही है। मगर कुछ कार्य इस तरह से होती है कि वह पुरानी परम्पराओं के आधार पर संचालित होते है तो उससे अनेक प्रकार के लाभ दिखाई देने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई कृषि के क्षेत्र में भी देखने मिल रही है। पहले देखा जाता था कि जब किसानों के खेतों में गेंहू फसल तैयार हो जाती थी तो मजबूरों के माध्यम से उसकी कटाई कराते हुये पशुओं के लिये भूसा तैयार किया जाता था। मगर इस कटाई की जगह अब हारवेस्टरों में ले ली गई है। हर किसान की सोच रहती है कि जब अपने खेत में खड़ी गेंहू फसल को हारवेस्टर के माध्यम से शीघ्र कटवा कर घर ले जावेगा। शीघ्रता बुरी बात नही है। मगर हारवेस्टर के माध्यम से होने वाली गेंहू पुसल की कटाई के चलते खेतों में काफी बडे स्तर पर जो नरवाई रह जाती है उसके किसानों द्वारा आग लगाते हुये अपने खेत खाली किये जाते है। जबकि किसान चाहे तो जिस तरह गेंहू कटाई को लेकर हारवेस्टर का उपयोग किया जाता है उसी प्रकार से खेतों में शेष बचने वाली नरबाई को भूसा के रूप में तैयार करने के लिये भी अनेक प्रकार के यंत्र आ चुके है। मगर किसानों द्वारा खेतों में खड़ी रहने वाली नरबाई का भूसा बनबाने की जगह आग के हवाले किया जा रहा है वह निश्चित तौर से चिंता जनक साबित होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि किसानों द्वारा खेतों में खड़ी रहने वाली नरबाई में जब आग लगाई जाती है तो उसका धुंआ पूरे वायु मंडल में फैलने के कारण जहां पर्यावरण को क्षति पहुंचाने से नही चूकता है। दूसरी ओर स्थिति इस तरह से भी देखी जाती है कि जब किसानों द्वारा अपने खेतों में खड़ी हुई नरबाईं आग लगाई जाती है और वह आग चंद मिनिटों के अंदर विकराल रूप धारण करने से नही चूकती है। वही जरा सी हवा चलते ही यह आग उड़ते हुये आसपास के खेतों में फैलना शुरू कर देती है। इस स्थिति के चलते यदि आस पास कि खेतों में किसी किसान की कोई फसल खड़ी रहती है तो निश्चित तौर से वह भी आग में जलकर खाक होने से नही बच पाती है? इस तरह की घटनाये बीते हुये वर्षो के साथ साथ इस वर्ष में आस पास के जिलों में आये दिन सुनाई देने से नही चूक पाती है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि बीते हुये दिनों समीपस्थ पडौसी जिले के एक किसान द्वारा अपने खेत में खड़ी हुई नरबाई में आग लगाई थी तो वह आग दूसरे किसान के खेत में पहुंचने के चलते वहां पर खड़ी हुई नरबाई ने जब आग पकड़ी तो एक कृषक का खेत में खड़ा हुआ ट्रेक्टर जलकर खाक होने से नही बच पाया था। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुये हमारे समीपस्थ जिले के अधिकारियों द्वारा किसानों द्वारा अपने खेतों में खड़ी रहने वाली नरबाई में आग लगाने को लेकर सख्त रवैया अपनाया जा रहा है और जो किसान अपने खेतों में खड़ी रहने वाली नरबाई में यदि आग लगा रहे है तो उनके खिलाफ एफआईआर तक की जा रही है? मगर पता नही हमारे जिले का प्रशासन इस सच्चाई को नजर अंदाज क्यों कर रहा है..? जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये वर्ष जिले के तत्कालीन कलेक्टर द्वारा हमारे जिले में भी किसानों द्वारा अपने खेतों में नरबाई को जलाने पर सख्त इतराज जताते हुये प्रतिबंध लगाया गया था। मगर इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा किसानों की इस तरह की मनमानी को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि जहां किसानों द्वारा खुलेआम अपने खेतों में खड़ी हुई नरबाई को आग के हवाले करते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर इस तरह खेतों में आग लगाये जाने के कारण वायु मंडल में पर्यावरण को क्षति पहुंचने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर शहरों के आसपास किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाई जाने वाली आग के चलते उसकी कालिख हवा में उड़कर शहरों तक पहुंचने से नही चूक रही है। इस तरह किसानों द्वारा खेतों में खड़ी रहने वाली नरबाई को आग के हवाले किये जाने से आस पास जिन किसानों की फसले अभी कटाई से रह चुकी है वह चिंता में देखे जा रहे है। जिसके चलते जिला प्रशासन से नरबाई में आग लगाने पर सख्त रूप से प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की जा रही है।

## मस्जिदों में शबे कद्र की इबादत के बाद अब ईद की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस्लाम धर्म का रमजान मुबारक में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर नमाज पढ़कर इबादत कर रहे हैं अलविदा जुमे की नमाज में भारी तादाद में नमाजी देखे गये। वही रमजान के 26 वे रोजे पर मस्जिदों में विशेष इबादत दुआ के साथ तरावीह पढ़ने वाले हाफिजो व इमामो का इस्तक बाल कर नजराना दिया गया। वही पूरी रात मस्जिदों में इबादत का दौर जारी रहा सुबह सभी लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूमों के हक में दुआएं खेर की गई। शहर की तरक्की एवं खुशहाली के लिए 21वे रोजे से मस्जिदों में कुछ लोग एहतकाफ पर बैठकर इबादत कर रहे हैं जो ईद का चांद नजर आते ही अपने घर पहुंचेंगे। इस्लाम को मानने वाले हर शख्स के लिए रोजा रखना बेहद जरूरी है। इसे रमजान का चांद दिखने से लेकर ईद का चांद दिखने यानी अगले 29 या 30 दिनों तक रखने का हुक्म कुरान में दिया गया है। वही रोजा सब्र और परहेजगारी के लिए जरूरी है ताकि इंसान खुदा की दी हुई चीजों की एहमियत समझ सकें. गरीबों को सदका, फितरा और जकात (दान) करें जिससे गरीबों की मदद भी हो सकें ।रमजान माह में नाजिल हुआ था कुरान रमजान के पाक महीने में खुदा ने हजरत मुहम्मद साहब पर क़ुरान नाजिल फरमाया था. रमजान के पूरे महीने को तीन अशरे में बांटा गया है. पहले दस दिन रहमत के, दूसरे 10 दिन मगफिरत के और तीसरे दस 10 जहन्नुम से आजादी के माने जाते हैं । शबे कद्र के बाद रमजान रुखसत होने वाला है लोग ईद की तैयारियों में भी जुट गए हैं । ईद की नमाज सामूहिक रूप से ईदगाह में सुबह 8:30 पर, जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे एवं फैजाने मदीना मस्जिद में सुबह 9:30 बजे, छोटी मस्जिद में 8,45 बजे नमाज अदा की जाएगी । जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने स्थानीय प्रशासन से ईद की नमाज के समय ईदगाह जाने वाले मार्ग पर बड़े वाहन प्रतिबंध करने एवं ईदगाह परिसर सहित मस्जिदों के पास समुचित साफ सफाई नमाज के समय विद्युत सप्लाई बंद न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निवेदन किया है ।



## चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार है जारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्ग दर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चारगांव खुर्द में बच्चों और महिलाओं ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसी तरह चारगांव की महिलाओं और बच्चों ने मेहंदी व रंगोली बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। आईसीडीसी परियोजना चीचली के अंतर्गत महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर और रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता किया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119-नरसिंहपुर, 120।

## निर्माणाधीन मॉडल रोड पर उड़ने वाली धूल से बीमारी की गिरफ्त में आ रहे लोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में करोड़ो की लागत से बनाई जाने वाली मॉडल रोड जो दो भागों में निर्मित की जा रही है वह अपने निर्माण के शुरूआती दौर से ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है? बताया जाता है कि जब तहसील कार्यालय के पास से स्टेशन तक इस मॉडल रोड का निर्माण शुरू हुआ था तो उस दौरान यह सड़क अपनी गुणवत्ता को लेकर चर्चाओं में आ चुकी थी। मगर शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उस दौरान ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि सड़क के निर्माण के चंद दिवस बाद ही यह माडल रोड अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही जहां तहां से टूटते हुये बताने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर जरा सी बारिश होने के बाद इस नवनिर्मित मॉडल रोड पर जिस तरह जहां तहां पानी भरा हुआ दिखाई देता है वह सड़क के मापदंडों का उजागर करते हुये दिखाई देने लगती है? वही दूसरी ओर इस समय सड़क निर्माण के उपरांत इस मार्ग को दो भागों में विभाजित करने के लिये सड़क के बीचों बीच जिस तरह डिवाईडरों का निर्माण किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहे है? बताया जाता है कि इस सड़क के बीचों बीच इस समय जिस तरह डिवाईडरों का निर्माण किया जा रहा है उस दौरान सड़क के कुछ भाग में सड़क की चौडाई को नजर अंदाज करते हुये बनाये जाने वाली डिवाईडरों के कारण यातायात प्रभावित होने से नही चूक पायेग

**खबर संक्षेप**

## नवयुवक का फांसी के फंदे में लटकता मिला शव

**डिंडोरी।** बजाग थानांतर्गत ग्राम मिडली के बुचवा टोला में एक बाइस वर्षीय युवक का शव बबूल के पेड़ में फांसी के फंदे में लटकता मिला। जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने बजाग थाने में आकर दर्ज कराई । सूचना पाकर पुलिस ने मौके में पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। तथा घटना स्थल के साक्ष्य जुटाकर मामले की तफ्तीश कर रही हैं युवक के शव को पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हेमचंद तेकाम पिता कृपा सिंह तेकाम उम्र बाइस वर्ष का शव शनिवार सुबह चार बजे घर की बाड़ी में बबूल के पेड़ में फांसी के फंदे में लटकता मिला। मृतक के पिता के अनुसार सुक्रवार की रात वह खाना खाकर सो गया था जब वह सुबह चार बजे शौच के लिए उठा । तब उसकी नजर घर की बाड़ी में लगे बबूल के पेड़ पर पड़ी। उसने देखा की उसका छोटा लड़का नायलॉन की रस्सी से पेड़ पर लटका हुआ है बदहवास पिता ने चीख पुकार की तब मोहल्ला पड़ोस के लोग दौड़े आए ।लेकिन तब तक युवक की जान जा चुकी थी युवक की मृत्यु को लेकर गांव में कई तरह को चर्चाएं व्याप्त हैं हालाकि परिजनों के अनुसार युवक ने किस कारण से मौत को गले लगाया अभी अज्ञात है पुलिस मर्ग कायम कर घटना की विवेचना कर रही हैं।

## बाइक चोर गिरोह से चोरी की 12 मोटर सायकिल बरामद

**अनूपपुर।** जिले की भालूमाडा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उसके कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल जब्त किए हैं। इस गिरोह के चार आरोपियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार उइके ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई था कि एक व्यक्ति ड्रीम युवा होंडा कंपनी की मोटरसाइकिल सीजी 16-सीई-3044 को बेचने के उद्धेश्य भालूमाडा बाजार दफाई टैक्सी स्टैंड के पास खड़ा है। वाहन चोरी का लग रहा था। इस पर थाना प्रभारी के निर्देश पर स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर आरोपी कुलदीप द्विवेदी पिता सत्यदेव द्विवेदी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बम्हनी से मोटरसाइकिल के दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। वह दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच में पता चला कि वाहन चोरी का है। उसे जब्त कर लिया गया है। आरोपी ने चोरी के इस गोरखधंधे में अपने अन्य तीन साथियों के शामिल होने की बात बताई। इस पर तीन अन्य आरोपी रामनारायण चर्मकार पिता मोहन चर्मकार, उम्र 18 वर्ष, सर्वेश पटेल पिता अवधेश पटेल, उम्र 22 वर्ष, एवं संजीव यादव पिता कामता प्रसाद यादव, उम्र 21 वर्ष, से कुल 12 मोटरसाइकल जब्त की है। इस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर आसपास के क्षेत्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### राशन की हेराफेरी करने वाले राशन दुकान विक्रेता के विरुद्ध एसडीएम शहपुरा की कड़ी कार्रवाई

# दोषी विक्रेता से 31 लाख की वसूली कराए जाने की आदेश जारी

**शासकीय उचित मूल्य दुकान अमेरा में गड़बड़ी की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई जांच**

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान अमेरा की जांच मेंचवे मशीन में दर्ज स्टॉक से चावल 651 क्विंटल कम गेहूं 69 क्विंटल कम शक्कर 1.44 क्विंटल कम तथा नमक 1.55 क्विंटल कम पाया गया।





हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

इसका लागत मूल्य 28 लख रुपए आंका गया है इसका विक्रेता दल सिंह बरकड़े से वसूली करने का आदेश एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह द्वारा पारित किया गया है साथ ही दोषी विक्रेता को तत्काल दुकान से हटाए जाने का आदेश जारी किया गया है कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा शासकीय उचित मूल दुकान राखी की जांच में यह पाया गया है कि इसी विक्रेता द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान राखी में माह नवंबर 2023 हेतु आवंटित चावल 65 क्विंटल गेहूं 17 क्विंटल नमक 3.15 क्विंटल किसी भी हितग्राहीको वितरित नही किया गया है तथा उक्त खाद्यान्न की हेरा फेरी की गई है इसका आर्थिक लागत मूल्य 3 लाख रुपए की वसूली दलसिंह बरकड़े से किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

**इनका कहना है**

मामले में शिकायत मिलने के बाद जांच की गई जिसमे शिकायत सही पाई गई है 31 लाख के करीब की बसूली के लिये निर्देशित किया गया है साथ ही तत्काल संबंधित सेल्समेन को हटाने के लिये निर्देशित किया गया है
अनुराग सिंह
(एसडीएम शहपुरा)

# नगर परिषद में पदस्थ बाबू पर आरक्षण रोस्टर में हेरफेर कर पदोन्नति लेने के आरोप

**-प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा आयुक्त सह सचिव नगरीय प्रषासन से शिकायत**

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

नगर परिषद डिण्डौरी में पदस्थ सब इंजीनियर अषोक दीक्षित ने कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 अषोक कुमार चैकसे की विधि एवं शासन के आदेषो के विपरीत अवैधानिक नियुक्ति का आरोप लगाते हुए मध्यप्रदेष नगर पालिका एवं संचानालय स्थानीय संस्थाये कर्मचारी महासंघ भोपाल के बैनर तले अपने अध्यक्षीय हस्ताक्षर से प्रमुख सचिव मध्यप्रदेष शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग बल्लभ भवन , मंत्रालय भोपाल व आयुक्त सह सचिव नगरीय प्रषासन एवं विकास संचानालय , पालिका भवन म.प्र.भोपाल को षिकायत करते हुए मांग किया है कि नगर परिषद डिण्डौरी से जबलपुर संभाग से बाहर स्थानान्तरित करते हुए पूरे प्रकरण की गहन जांच करायी जाकर दोषियों को दण्डित किया जाये । एक माह की समयावधि में जांच करायी जाकर दोषियो को दण्डित नही किया गया तो महासंघ माननीय उच्च न्यायालय की शरण में न्याय हेतु जाने के लिए बाध्य रहेगा ।




**क्या है आरोप**

नगर परिषद डिण्डौरी में पदस्थ अषोक दीक्षित सहायक यंत्री (विद्युत) व म.प्र. नगर पालिका एवं संचानालय स्थानीय संस्थान कर्मचारी महासंघ भोपाल के अध्यक्ष ने अषोक कुमार चैकसे पर आरोप लगाया कि वर्तमान में कार्यालय में सहायक ग्रेड-02 पर नगर परिषद डिण्डौरी में दैनिक वेतनभोगी , श्रमिक , नियमित श्रमिक, सहायक ग्रेड-03 एवं सहायक ग्रेड-02 के पद पर लगभग 28-29 वर्षो से क्रमषः कार्य करते आ रहे है । वर्ष 1995-96 में नगर परिषद में भाभी पार्षद थी जिनके दबाव के चलते इन्हे आस्थाई श्रमिक के रूप में नगर परिषद में नियोजित किया गया है। जो कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 98 का उल्लघन एवं अनियमित है। म.प्र.शासन स्थानीय शासन विभाग , सामान्य प्रषासन विभाग म.प्र.शासन, एवं म.प्र.शासन नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के आदेष के मुताबिक 01 जनवरी 1989 के पश्चात दैनिक वेतन पर रखे गये समस्त कर्मचारियों को तत्काल हटाने के निर्देष जारी किये गये थे । बावजूद इसके श्री चैकसे को नही हटाया गया इतना ही नही माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दैनिक वेतन भोगियो व अस्थाई कर्मचारियों के प्रकरणो के संबंध में पारित निर्णय का भी हवाला देते हुए आरोप लगाया कि अवैधानिक तरीके से अषोक चैकसे को 01 दिसम्बर 2009 को माननीय उच्चतम न्यायालय एवं म.प्र.शासन की रोक के बाद भी आरक्षण नियमो का उल्लघन करते हेतु अवैध रूप से पदोन्नत कर दिया गया । यह भी आरोप लगाया कि म.प्र.शासन की अपील क्र. 5247६ 2016 के परिपेक्ष्य में माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा 2016 से ही सभी पदो पर पदोन्नति पर रोक लगाई गई है । लेकिन अषोक कुमार चैकसे ने स्थापना शाखा में पदस्थ रहते हुए आरक्षरण रोस्टर में हेरफेर कर तथा निकायो की आर्दष कार्यो में संरचना के आधार पर फर्जीवाडा करते हुए 2016-17 में सहायक ग्रेड-02 में पदोन्नति प्राप्त कर लिया । श्री चैकसे ने पद की लालसा के चलते उच्चतम न्यायालय एवं म.प्र.शासन की रोक के बाद भी नगर पालिका प्रषासन एवं जनप्रतिनिधियों से सांठ गांठ कर उन्हे अंधेरे में रखकर पुनः नगर परिषद डिण्डौरी के कार्यालय सहायक ग्रेड-1 के पद को एकांकी बताकर आरक्षरण से बचते हुए नगर परिषद डिण्डौरी के पीआईसी से संकल्प पारित कराकर अवैधानिक तरीके से कार्यालय सहायक ग्रेड-1 के पद पर पदोन्नति के लिए प्रयासरत है। यह भी अरोप लगाया गया है कि वर्तमान में स्थापना शाखा, लेखा शाखा एवं भण्डार शाखा का प्रभार यथावत है।

इन आरोपो पर अषोक चैकसे ने कहा कि लगाये गये आरोप निराधार है मै कार्यालय में एकलौता बाबू हॅू और पढा लिखा हॅू पदोन्नति का अधिकार है , मेरी पदोन्नति जिला चयन समिति द्वारा प्रस्तावित किये जाने के बाद हुई है। ऐसे आरोप लगते रहते है फर्क नही पडता मै अपना दायित्व निभाता हॅू।

### सरपंच की बगैर अनुमति के वन विभाग ने कराया सड़क निर्माण

# तेंदूपत्ता लाभांश की राशि से ग्राम पंचायत डांडविदयपुर में निर्माण



हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

एक ओर शासन महिला सशक्तिकरण को लेकर नित नए कार्यक्रम चला रहा महिलाओं की भागीदारी तय करने के मद्देनजर ही पंचायत स्तर पर 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है ।लेकिन आदिवासी बाहुल्य जिले में एक महिला सरपंच के अधिकारों का हनन वन विभाग के जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा है । जिसकी बानगी है जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डांड विदायपुर जहां महिला सरपंच की जानकारी के बैगर पंचायत के पोषक ग्राम मुड़की में तेंदू पत्ता लाभांश की राशि लगभग 11 लाख रुपए की लागत से सी ,सी ,सड़क का निर्माण कार्य डिंडोरी वन परिक्षेत्र के द्वारा किया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लग रहे है ।गौरतलब है कि तेंदू पत्ता लाभांश की राशि से वन विभाग के द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसके लिए विभाग के जिम्मेदार नुमाइंदों ने महिला सरपंच से निर्माण कार्य से संबंधित न पंचायत का प्रस्ताव लेना आवश्यक समझा और न ही अनुमति जबकि अगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अगर कोई भी विभाग निर्माण कार्य करता है तो पंचायत से प्रस्ताव लेना आवश्यक है लेकिन यहां वन विभाग के जिम्मेदार नुमाइंदों ने सारे नियमों को ताक पर रख निर्माण कार्य शुरू कर दिया ग्रामीणों की माने तो निर्माण कार्य में मिट्टी उक्त रेत के उपयोग के साथ उक्त सड़क निर्माण में वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा जबकि सी सी सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का इस्तमाल जरूरी है लेकिन निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार के द्वारा नियमों को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण किया जा रहा है जिससे निर्माण के साथ ही उक्त सड़क के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है ।

# निर्माणाधीन जबलपुर अमरकंटक मार्ग में डिवाइडर बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

जबलपुर से अमरकंटक को जोड़ने वाले एनएच-45 के सभी हिस्सों में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा 50 फीट चैड़ी सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह कार्य अमझर रिंग रोड की सीमा से कबीर चबूतरा अमरकंटक तक चैड़ा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर अमरकंटक सड़क पर मोड़ खत्म करने के साथ सभी बड़ी बस्तियों में बायपास भी बनाए जायेगे। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने जबलपुर अमरकंटक सड़क के सभी चार हिस्सों का निर्माण की अनुमति दे दी गई है। जिसमें शहपुरा से डिंडोरी का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है शेष तीन हिस्सों में कार्य चल रहा है, जबलपुर से शहपुरा के बीच के काफी हिस्से में डामर रोड का निर्माण भी हो चुका है। हाईवे नंबर-45 में विशेष बात यह है कि इसके चैड़ीकरण में सभी मोड़ खत्म किए जायेगे, अमझर घाटी से अमरकंटक कबीर चबूतरा तक 225 किलोमीटर के दायरे में सभी बड़ी बस्तियों में बायपास बनाया जाएगा। मार्ग अब सीधा होने के साथ घनी आबादी में यातायात के हिसाब से बाधारहित होगा। मुख्य रूप से कुंडम, शहपुरा, शाहपुरा, डिंडोरी, गाड़ासरई, बरनई, रूसा, करंजिया, सागरटोला आदि सभी प्रमुख आबादी वाले हिस्सों से अलग बाहरी एरिया में से हाईवे निकाला जाएगा। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने सड़क जंगली हिस्से में ज्यादा चैड़ी करने की अनुमति नहीं दी, केवल हाईवे के नॉर्म्स के अनुसार इस सड़क को चैड़ा किया जा रहा है।

**मार्ग पर डिवाइडर की जरूरत**

ईई लोक निर्माण एनएच, अनिल गौड़ के अनुसार ट्रैफिक वॉल्यूम के आधार पर सड़क को चैड़ा कर सभी मोड़ों को खत्म कर दिया जाएगा, इससे वाहनों को रफ्तार भी मिलेगी। इस मार्ग के मोड़ो को कम करने के साथ साथ अप डाउन भी कम किए जा रहे है, जिससे वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी। जानकारो की माने तो कार्य पूर्ण होने के बाद इस मार्ग पर वाहन 100 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार पर आसानी से भाग सकेगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मार्ग पर रफ्तार बढ़ने से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ेगी, जिनको रोकने और वाहनों की रफ्तार बनाए रखने की दृष्टि से इस पूरे मार्ग पर डिवाइडर लगाए जाने चाहिए। डिवाइडर बन जाने से वाहनों की आमने सामने होने वाली टक्कर की आशंका नहीं होगी और वाहन चालक सुरक्षित होकर अधिक रफ्तार से वाहन चला सकेगे। वही रात में सामने से आ रहे वाहन की लाइट का भी प्रभाव नहीं होगा और रफ्तार प्रभावित नहीं होगी, यात्रा कही अधिक सुरक्षित होगी। अब तक इस सड़क का जो भी हिस्सा बनकर तैयार हुआ है उसको देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस सड़क पर डिवाइडर बनाए जाने का प्रावधान नहीं है जबकि डिवाइडर कई दृष्टिकोण से जरूरी है। 1 से 1.5 फीट चैड़े प्री कास्टेड कंक्रीट डिवाइडर अथवा अन्य कई कम चैड़ाई वाले डिवाइडर आते है जिन्हे सड़क निर्माण के उपरांत भी लगाया जा सकता है, ऐसी ही व्यवस्था इस मार्ग पर करवाई जाना फिलहाल संभव है।

**जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जनापेक्षा**

इस विषय पर जिले के लोगों की स्थानीय प्रशासन और विधायक, सांसद सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा है की वे सभी सामूहिक प्रयास कर इस मार्ग पर डिवाइडर बनवाए जाने की मांग केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से करे ताकि जिलेवासियों को सुरक्षित यात्रा का अवसर मिल सके। प्रशासन भी अपने स्तर पर इस मांग को संबंधित विभाग और मंत्रालय को भेजे।

**ऐसे होगी सड़क**

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 45 पर निर्माणधीन सड़क इस प्रकार से बन रही है डामरीकृत होगी 12 मीटर जिसमें सोल्डर 2.50 मीटर का बनाया जायेगा जबलपुर रांझी से छग की सीमा कबीर चबूतरा तक कुल निर्माण एरिया 190 किलोमीटर बतलाया गया है। निर्माण कार्य चार हिस्सो में किया जा रहा है जिसमें तीन हिस्सो कार्य प्रारंभ है।

# विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए कैबीनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।




रविवार को विधान सभा कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेष सरकार के कैबीनेट मंत्री कैलाष विजयवर्गीय नगरीय प्रषासन तथा लोक सभा चुनाव 2024 क्लस्टर प्रभारी महाकौषल शामिल हुए । जिनके द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनाव जिताने का मंत्र दिया । इस दौरान भाजपा पदाधिकारी , कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैलाष विजयवर्गीय ने कहा कि हमे गर्व है कि देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है और उनकी कार्य कुषलता के कषीदे पढते हुए बखान किया कि जिन्होने स्वतंत्रता के बाद देष में पहलीबार आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया है। जिससे आदिवासी समाज का मान सम्मान बढा है, सिर्फ ऐसा ही नही कि राष्ट्रपति बना दिया बल्कि छिंदबाडा की एक बहिन अनुसुईया उइके जी को पहले छग का राज्यपाल अभी मणिपुर की राज्यपाल बनाया है। फग्गन सिंह कुलस्ते को अनेकोबार टिकिट देकर और मंत्री बनाकर आदिवासी समाज का सम्मान बढाने का काम किया । मुझे यह कहते हुए भी गर्व है कि जब पहली बार 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब सेन्ट्रल हाल में कहा था कि यह गरीबों की सरकार है मेरी सरकार आदिवासियों की सरकार होगी म.प्र. में ऐसा को आदिवासी परिवार नही जिसके घर में प्रधानमंत्री जी ने अनाज पहुचाने का काम किया है। मण्डला लोक सभा में 21 लाख मतदाता है जिनमें से 18 लाख से ज्यादा शासन की योजना से लाभान्वित है। कारोना काल के दौरान लॉक डाऊन में भी सरकार ने ख्याल रखा और लोगो को अनाज मुहैया कराया । शासन की अनेको योजनाओ का बखान किया गया साथ ही कहा कि युवा एवं गरीबों की सरकार है । इस दौरान कांग्रेस को भी आडे हाथ लेते हुए तीखे प्रहार किये । पत्रकारो के सवालो के जबाव में पीसीसी चीफ को जीतू पटवारी को कहा कि जब से अध्यक्ष बने है आधी कांग्रेस खाली हो गई है अपने कार्यकर्ताओं को बचाकर रखे और मै जीतू पटवारी के सवालो का जबाव नही दे सकता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र क्या जबाव देगें। कांग्रेस के मैनोफेस्टो के सवाल पर जबाव दिया कि गारंटी जनता उसी की मानती है जिस पर विष्वास हो ।

# अवैध शराब के साथ तीन आरोपी धराये

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** कोतवाली थाना अन्तर्गत शनिवार को पुलिस ने तीन अलग अलग ठिकानों में दबिष देते हुए अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(क) के तहत कार्यवाई करते हुए जमानती मुचलका में रिहाकर न्यायालय मे पेषी तारीक में उपस्थित होने नोटिस तामील किया गया । जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली की भैसवाही में एक व्यक्ति अवैध शराब विक्रय करने की नियत से रखे हुए है सूचना के बाद प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार मरावी बताये ठिकाने पर पहुंच मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करते हुए उसके कब्जे में रखी प्लास्टिक की जरिकेन से देषी हांथ भट्टी की बनी शराब छः लीटर कीमत 600 रू. बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विवेक मरावी पिता नारायण सिह मरावी उम्र 34 साल निवासी भैंसवाही बतलाया। वहीं दोहपर लगभग 3.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम किकरझर किसान टोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब विक्रय करने की नियत से रखा हुआ है । जिसकी सूचना के बाद कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक बी.एल.बरकडे रवाना हुए और किकरझर पहुंच बताये ठिकाने में दबिष दी जहां रामसिंह परस्ते पिता माधोंसिंह परस्ते उम्र 29 साल के कब्जे से अवैध रूप से विक्रय के लिए प्लास्टिक की जरिकेन मे रखी छः लीटर देष हांथ भ्टटी की महुआ की बनी शराब कीमत 600रू. बरामद किया गया । वही एक अन्य मामले में मुखबिर की सूचना पर कोतवाली में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक अरूण पटेल ने उदय सिंह मरावी पिता स्व.बुलाकी सिंह मरावी उम्र 55 साल निवासी किकरझर के कब्जे से एक प्लास्टिक की जरिकेन मे रखी छःलीटर देषी हांथ भ्टटी की महुआ की बनी शराब कीमत 600 रू. बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34(क) के तहत कार्यवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### पावर लिफ्टिंग में दीवान देवेंद्र को द्वितीय स्थान




**तेंदूखेड़ा-** पूर्व मंत्री एवं इमझिरा के प्रतिष्ठित दीवान परिवार के दीवान इंद्रजीत सिंह के अनुज दीवान देवेंद्र सिंह ने दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 66 किलो वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया है, देवेंद्र ने कुल 600 किलोग्राम भार उठाकर पावर लिफ्टिंग में मध्यप्रदेश को रजत पदक दिलाकर प्रदेश के साथ अपने जिले एवं ग्राम का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर अपर सचिव संसदीय कार्य विभाग राजेश गुप्ता सभी खेल प्रेमियों, इस्ट मित्रों सहित परिवार जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। स्मरण रहे कि पूर्व में भी दीवान देवेंद्र द्वारा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया में भी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत और कांस्य पदक भी हासिल कर चुके हैं। वर्तमान में दीवान देवेंद्र वल्लभ भवन भोपाल में पदस्थ है।

### समर कैंप लगाकर पहली से आठवीं के छात्रों को दी जा रही शिक्षा

**तेंदूखेड़ा-** शिक्षा पाकर लोग नौकरी की तलाश के साथ साथ अपनी योग्यता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में संलग्न हो जातें हैं। लेकिन शिक्षा पाकर खाली समय में अपने ज्ञान और अनुभव को छोटे छोटे बच्चों को किड्स समर कैंप लगाकर उनमें बौद्धिक ज्ञान क्षमताओं का बीजारोपण करना समाज में एक अनुकरणीय पहल है ऐसा ही एक उदाहरण नगर के प्रतिष्ठित त्रिपाठी परिवार की होनहार छात्रा रिचा त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया है। रिचा पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को अपने ही घर पर बुलाकर बच्चों को शिक्षित किया करतीं हैं वहीं विभिन्न प्रकार की चित्रकला और फालतू सामग्री से विविध प्रकार की साज-सज्जा युक्त सामग्री निर्माण कर घरों की सजावट करने के हुनर सिखा रहीं हैं। इतना ही नहीं कमजोर बच्चों को उनकी बौद्धिक ज्ञान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रकार से सरल सहजता से बच्चों में रुचि पैदा करने के टिप्स सिखाये जा रहे हैं। रुचि त्रिपाठी की इस पहल की सभी वर्गों ने सराहना की जा रही है।

### रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र के वृत्तांत के साथ




**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन**

**तेंदूखेड़ा-** विगत एक अप्रैल से नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन करने के साथ ही कथा का समापन हो गया।पं मनोज शास्त्री बंजरिया वालों के मुखारविंद से कही गई इस कथा को भगवान श्री बांके बिहारी जी लीलाओं का भावपूर्ण उल्लेख किया गया। वहीं प्रत्येक वर्ग को इस कथा को श्रवण करने तथा पूर्व जन्मों के पुण्योदय से ही कथा श्रवण करने का सौभाग्य फिर कथा कराने का अवसर मिल पाना पूर्व जन्म के कर्मों पर निर्भर करता है वहीं कथा श्रवण से मोक्ष प्राप्त होता है। दोपहर दो बजे से शाम छ बजे तक चली इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता उपस्थित रहे।आज भंडारे प्रसाद वितरण के साथ समापन हो जायेगा।

### सर्प ने महिला को काटा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस घर पर कार्य कर रही महिला को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि माया बाई पति कन्हैया कोल निवासी करकबेल थाना ठेमी उम्र 50 वर्ष को घर पर कार्य करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## पुलिस पर लगाया ब्यान बदलने का आरोप



# परिजन का आरोप, प्रेम प्रसंग के चलते हुई हत्या

# 36 दिन में नहीं सुलझी गुत्थी, हत्या या आत्महत्या

विगत दिवस पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर वृद्ध दंपति द्वारा निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुये लिखित आवेदन दिया गया। उक्त आवेदन मे पुलिस द्वारा ब्यान बदलने का आरोप भी परिजनों द्वारा लगाया। हालांकि आवेदन देने पहुंचे परिजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भरपूर आश्वसन दिया गया है कि निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जावेगी। वही परजिनों द्वारा दिये गये आवेदन के अनुसार उक्त मामले बरमान चौकी पुलिस की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लग रहा।



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर माता पिता व परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया जिसमे बेटे की मौत का पता लगाने व ब्यान बदलने सहित दोषियों को बचाने की बात की गई वही परिजनों की माने तो उनके बेटे की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई है। वही 36 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस यह पता लगाने मे सफल नही हो सकी है कि मृतक ने आत्म हत्या की या उसकी हत्या की गई है। वही परिजन हत्या के आरोप नामजद लगा रहे है। उक्त शिकायत के बाद परिजनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भरपूर आश्वासन दिया गया है। अब देखना होगा कि पुलिस मामले की गुत्थी को कैसें सुलझाती है।

### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र सुआतला अंतर्गत 21 फरवरी को ग्राम वीर कटंगी निवासी ओमप्रकाश गड़रिया पिता शोभाराम गडरिया उम्र 26 वर्ष का शव गांव के पास पेड़ पर लटका हुआ मिला था जिसकी सूचना पुलिस को दी गई और पंचनाम एवं आवश्यक कार्रवाई के बाद अंतिम संस्कार के लिय शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसकी गुत्थी आज भी अनसुल्झी हुई है



और पुलिस 36 दिनों मे यह खुलासा नही कर पाई कि उक्त घटना हत्या है या आत्महत्या। जिसे लेकर परिजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई।

### जन्मदिन पर गया था युवक

परिजनों के बताये अनुसार बीकोर निवासी संतोष नोरिया जो मृतक का मित्र था। 20 फरवरी को उसके घर जन्मदिन की पार्टी करने दोपहर 1 बजे अपने घर से निकला तथा पूरे दिन बीकोर मैं जन्म दिवस की तैयारी में सहयोग किया तथा रात को जन्मदिन मन जाने के उपरांत मृतक ने अपने घर फोन लगाकर सूचना दी कि आज रात में घर नहीं आऊंगा परिवार के सभी सदस्य निश्चिंत होकर सो गए, लेकिन सुबह जब बीकोर निवासी बसंत नौरिया की पुत्री का जब फोन आया कि ओमप्रकाश घर पहुंचा या नहीं इस बात से पूरा परिवार चिंतित हो पड़ा और ओमप्रकाश को ढूंढने निकल पड़े सभी जगह खोजने के पश्चात नहीं मिला तब परिजनों द्वारा बरमान स्थित पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे, जहां पर उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई शाम 5 बजे किसी व्यक्ति ने सूचना दी की ग्राम बीकोर तथा वीर कटंगी के मध्य में गोहा के समीप लगे नीम के पेड़ पर एक लाश लटकी हुई है। परिजनों ने जाकर देखा तो अपनी ही शर्ट जो मृतक ने पहन रखी थी उससे ही लटका पाया गया जिससे ऐसा कहीं से भी प्रतीत नहीं हो रहा था कि उसके द्वारा फांसी लगाई गई है। शव को देखने के बाद ऐसा प्रतीत नही होता है कि उसने आत्महत्या की बल्कि उसे फांसी से मरा है।

### प्रेम प्रसंग के चलते की गई है हत्या

दिये गये आवेदन मे उल्लेख किया गया है कि हमारे घर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं थी ना कोई झगड़ा था और ना ही कोई विवाद की कभी स्थिति रही है हम सभी मिलकर एक आदर्श परिवार की भांति निवास करते हैं पूरा परिवार एक साथ रहता है मेरे बड़े बेटे को दो वर्ष पूर्व अटैक आया और उसकी मृत्यु हो जाने के उपरांत मेरा एक ही बेटा बचा था हम दोनों एक दूसरे का सहारा थे मेरे बेटे की हत्या हुई है जो बीकोर निवासी बसंत नौरिया, हिम्मू नोरिया, भुट्टन नोरिया तथा उनके परिवार मैं अहम भूमिका निभाने वाला गुड्डू पटेल जो राजनीतिक संरक्षण में रहकर पूरे क्षेत्र में अनेकों तरह के अवैध कारोबार करता है इन सभी ने साजिश रचकर प्रेम प्रसंग के चलते मेरे बेटे की हत्या की है। बेटे की हत्या की है तो उन हत्यारों को सजा मिले तब मुझे न्याय मिलेगा।

### पुलिस पर ब्यान बदलने के आरोप

मृतक के पिता शोभाराम तथा चचेरे भाई पोहप सिंह द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं की पुलिस चौकी बरमान के द्वारा जो मामला तैयार किया गया उसमें हमारे द्वारा जो बयान दिए गए उन बयानों को पूरा नहीं लिखा गया जो जांच की जाना चाहिए वह पुलिस द्वारा नहीं की गई हत्या जैसे अपराध को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। विगत दो माह से हम न्याय पाने की गुहार लगा रहे हैं जिसमें दो बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित रूप से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हमें पूरी तरह से आस्वस्थ किया गया है की स्पष्ट जांच होगी जिसकी जिम्मेदारी तेंदूखेड़ा एसडीओपी साहब को सौंपी गई है।

## जिले में लगातार हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के ग्राम चारगांव खुर्द में बच्चों और महिलाओं ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इसी तरह चारगांव की महिलाओं और बच्चों ने मेहंदी व रंगोली बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। आईसीडीसी परियोजना चीचली के अंतर्गत महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर और रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता किया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में दो चरणों में मतदान होना है, जिसमें संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मण्डला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव में 19 अप्रैल को और नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## अशासकीय विद्यालयों के साप्ताहिक निरीक्षण के लिए समिति गठित

**नरसिंहपुर।** जिले के अंतर्गत आने वाली समस्त अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हाई सेकेण्डरी, सीबीएसई/ एमपीबीएसई व राज्य शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए छात्रों हेतु यूनिफार्म, टाई, जूते, पुस्तकें, कापी आदि के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इन निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विकासखण्ड स्तर पर तीन सदस्यीय निरीक्षण समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखण्ड नरसिंहपुर के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एसके पाल को अध्यक्ष, संबंधित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ओपी राय व संबंधित विकासखण्ड के प्राचार्य शाउमावि डांगीढ़ाना संदीप नेमा को सदस्य, विकासखण्ड करेली के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एसके गुप्ता को अध्यक्ष, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक मुकेश नेमा व प्राचार्य शाउमावि करेली बस्ती बीएस शर्मा को सदस्य, विकासखण्ड चांवरपाठा के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस मरावी को अध्यक्ष, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सुनील श्रीवास्तव व प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा केपी साइलवार को सदस्य, विकासखण्ड चीचली के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एके रघुवंशी को अध्यक्ष, संबंधित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल व प्राचार्य बाउमावि सालीचौका एसएस मरकाम को सदस्य, विकासखण्ड गोटेगांव के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डीएल कनेरया को अध्यक्ष, संबंधित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जसवंत सिंह पटैल व प्राचार्य शास. हाईस्कूल ठेमी गोविंद बड़कुर को सदस्य और विकासखण्ड सांईखेड़ा के अंतर्गत संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रताप नारायण को अध्यक्ष, संबंधित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक संदीप स्थापक व प्राचार्य शा. आदर्श उमावि गाडरवारा एसके मिश्रा को सदस्य नियुक्त किया गया है। उक्त समिति विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित अशासकीय शालाओं का सप्ताह में न्यूनतम 5 शालाओं का निरीक्षण कर शासन के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करेंगे। संबंधी बिंदुवार प्रतिवेदन प्रत्येक सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर को प्रस्तुत करेंगे।

## इंजी. प्रसून धौरेलिया रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त

**नरसिंहपुर।** पीड़ति मानवता के सेवाभाव रखने रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3261 के गवर्नर रोटे. अखिल मिश्र के द्वारा रोटे. इंजी. प्रसून धौरेलिया को असिस्टेंट गवर्नर के पद पर नियुक्त किया है। ज्ञात हो रोटे प्रसून धोरेलिया रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी के सत्र 2016-17 अध्यक्ष रह चुके है। अपने अध्यक्षीय सत्र के दौरान उन्होंने 5 रुपया में भर पेट भोजन की रसोई योजना सहित विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण व अन्य सेवाकार्य में सकारात्मक सहयोग दिया। सेवा भाव से सतत कार्य करने वाले प्रसून धोरेलिया स्व. श्री रोशन सिंह धोरेलिया के नाती एवं इंजीनियर कौशलेंद्र कुमार धोरेलिया के सुपुत्र हैं। रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनकी नियुक्ति पर बधाई प्रेषित की है।



## जेल में कराया गया रोजा रोजा अफ्तार



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस रमजान माह के नेक व पावन अवसर पर केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में रोजा अफ्तार में वक्फ जामा मस्जिद कमेटी कंदेली नरसिंहपुर के अध्यक्ष मो. नईम खान, सचिव मो. शेख इरफान खान साथ ही उनकी टीम द्वारा जेल में निरूद्ध मुस्लिम बंदी भाईयों को जेल में रोजा अफ्तार कर मगरिब नमाज अदा की गई। जिसमें अल्लाह ताला से अपने गुनाहों की माफी के साथ ही अमन व चैन की दुआ मांगी गयी। अल्लाह में अटूट पेरम व विश्वास को ध्यान में रखकर रोजा रखने वाले मुस्लिम बंदियों को हौंसला अफजाही के लिए नियमों के अंतर्गत उनके इस धार्मिक कार्य में जेल प्रशासन भी सहयोग कर रहा है, जिससे कि उनकी इबादत में कोई कमी न रहे। रमजान महिने का चैबीसवा रोजा पर जेल उप अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल, अशीष कुमार खरे, एडवर्ड स्वामी एवं अन्य स्टॉफ भी रोजा अफ्तार में शामिल हुए। बंदियों ने जेल अधिकारियों को अपने बीच पाकर खुशी व्यक्त कर अल्लाह से सभी के लिए दुआएँ मांगते हुऐ नेक रास्ते पर चलने का वचन दिया। कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया ने सभी अगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

## मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर कारोबार, व्यावसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं। श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ज्योति पांडे दुबे ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान के अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थाओं में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन/ आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध दंड का प्रावधान है। लोकसभा निर्वाचन- 2024 के संसदीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से इनके नियोजकों, अधिभोगीगणों, प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे उपर्युक्त प्रावधान का समुचित परिपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। जिसमें जिले की एक गोटेगांव विधानसभा में मतदान 19 अप्रैल और नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।

## पीजी कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में सत्र 1975 से 1979 तक अध्ययनरत विद्यार्थी जो अन्य शहरों से एकत्रित हुए उनके द्वारा आज सम्मेलन किया गया, सम्मेलन में अध्ययनरत दिनों के अनुभवों को साझा किया गया। पूर्व छात्र जो वर्तमान में विभिन्न उच्च पदों से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने महाविद्यालय की कक्षाओं में उपस्थित होकर अपनी पुरानी यादें ताजा की। इस कार्यक्रम में लगभग 30-35 पूर्व विद्यार्थी अपने सहपरिवार उपस्थित रहे। सभी पूर्व छात्रों द्वारा महाविद्यालय के बगीचे में वृक्षारोपण किया गया।



## भव्यता के साथ मनाई गई मां कर्मादेवी जयंती

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय नरसिंहपुर साहू समाज की मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ बीते 5 अप्रैल 2024 को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी जयंती महोत्सव धूमधाम से होटल सावित्री सिग्नेचर नरसिंहपुर में मनाई गई।शोभा यात्रा के दौरान राधा कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।शाम 7 :30 बजे से सर्वप्रथम मां कर्मादेवी जी का पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन प्रांगण में उपस्थित बुजुर्गों सहित अध्यक्ष पत्रकार मनीष बंटी साहू एवं महिला अध्यक्ष सुमन साहू के साथ पंडित मनीष महाराज के द्वारा कराई गई। कार्यक्रम की शुरूआत में बुजुर्गों का सम्मान अध्यक्ष बंटी साहू के द्वारा पैर धुलाकर महिला अध्यक्ष सुमन साहू ने टीका लगा कर शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित कराई गई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।




### कुएं में मिला महिला का शव

**हरिभूमि न्यूजःसिवनी।**

बाहुल्य विकास खंड घंसौर के दमपुरी गांव में रविवार सुबह एक महिला का शव कुएं में मिला। सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार दमपुरी गांव में रविवार सुबह कुछ लोग पानी लेने के लिए कुएं पर गए थे। जहां उन्हें पानी में एक महिला की लाश दिखाई दी। इसके बाद लोगों ने घंसौर पुलिस को सुचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और महिला कविता पति इंद्रेश बरकड़े (35) के शव को कुएं से बाहर निकाला। पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

## युवा मोर्चा के विधानसभा प्रभारी हुए नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नरसिंहपुर जिले में विधानसभा स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा के प्रभारी विनीत नेमा के निदेर्शानुसार युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने नरसिंहपुर जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिसमें नरसिंहपुर विधानसभा में चौ. अभिषेक रघुवंशी, गोटेगांव विधानसभा में प्रखर दुबे, गाडरवारा विधानसभा में दिनेश गुर्जर, तेंदूखेड़ा विधानसभा में प्रणव पाराशर को नियुक्त किया है।